एपीजे इंस्टीट्यूट के छात्रों के लिए इंडस्ट्रियल विजिट

जालंधर | एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग टेक्निकल कैंपस के छात्रों के लिए इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन किया। इस दौरान एमसीए और इंजीनियरिंग के छात्रों ने सॉल्यूशन इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड का दौरा किया। छात्रों के साथ स्टाफ के सदस्य अमरप्रताप सिंह और इंदु भी थे। विजिट के दौरान छात्रों को कंपनी के इंतजाम रिसर्च, डेवलपमेंट, लैब्स डेटा सेंटर, सॉफ्टवेयर डिपार्टमेंट आदि में घुमाया और छात्रों को कंपनी मैनेजमेंट के साथ बातचीत करने का मौका भी मिला। इस दौरान छात्रों ने सवाल पूछे। इंडस्ट्री ऑफिशियल ने छात्रों के लिए एक सेशन का आयोजन किया, जिसमें छात्रों को विभिन्न आईटी फैसिलिटी के बारे में बताया। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. राजेश बग्गा ने कहा कि छात्रों के विकास के लिए ऐसी विजिट आयोजित की जाती है। इसके लिए उन्होंने विभाग के सदस्यों की सराहना की।

इंडस्ट्रियल विजिट के दौरान मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ। -भास्कर

Dainik Bhaskar 30March 2023

11:22 am ✓✓